CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 162 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार,04 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, 7 महीने बाद होंगे रिहा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

900 करोड़ के चर्चित जल जीवन मिशन घोटाले में गिरफ्तार पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। बुधवार,को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ए.जी. मसीह की बेंच ने उनकी जमानत मंजूर कर दी। अदालत ने 21 नवंबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। जोशी 24 अप्रैल से जयपुर सेंट्रल जेल में बंद थे और अब करीब सात महीने बाद जेल से बाहर आएंगे।

जोशी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा और विवेक जैन ने दलील देते हुए कहा कि ईडी द्वारा आरोपित 55 लाख रुपये रिश्वत की राशि नहीं, बल्कि उनके बेटे की फर्म को दिया गया लोन था, जिसे बाद में वापस कर दिया गया। वकीलों ने कोर्ट में कहा कि अगर यह रिश्वत होती तो पैसे वापस क्यों किए जाते? उन्होंने यह भी तर्क दिया कि जोशी महीनों से जेल में हैं जबकि मामले का ट्रायल शुरू ही नहीं हुआ है।

दूसरी ओर, ईडी ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि राशि लौटा देने से अपराध की गंभीरता कम नहीं हो जाती। एजेंसी का कहना था कि टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई और आरोपी को जमानत देने से गवाह प्रभावित हो सकते हैं।



जांच एजेंसियों के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाने का काम मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। जहां डीआई (डक्टाइल आयरन) पाइपलाइन बिछाई जानी थी, वहाँ कई जगह एचडीपीई पाइप लगा दी गईं। कई स्थानों पर पुरानी पाइपलाइन को नया दिखाकर भुगतान उठाया गया, जबकि हकीकत में पाइपलाइन डाली ही नहीं गई थी। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से उसके बिल पास करा दिए गए।

जांच में यह भी सामने आया कि मुख्य ठेकेदार पदमचंद जैन हरियाणा से चोरी के पाइप लाकर उन्हें नए पाइप बताकर बिछाता रहा और सरकार से करोड़ों रुपये का भुगतान लेता रहा। आरोप है कि जैन ने फर्जी सर्टिफिकेट और दस्तावेजों के आधार पर टेंडर हासिल किए, जबकि अधिकारियों को इस अनियमितता की जानकारी थी। फिर भी उसे काम दिया गया, क्योंकि वह एक प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्ति का करीबी बताया जाता है।

इन्हीं अनियमितताओं, फर्जी पेमेंट, अवैध पाइपलाइन और कथित राजनीतिक-प्रशासनिक मिलीभगत के कारण यह मामला 900 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और राज्य का यह सबसे बड़ा पेयजल घोटाला बन गया। इसी प्रकरण में ईडी ने अप्रैल में पूर्व मंत्री महेश जोशी की गिरफ्तारी की थी।

## गहलोत का केंद्र पर हमलाः संचार साथी ऐप से हो रही नागरिकों की जासूसी, निजता पर बड़ा सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि 'संचार साथी ऐप' के बहाने देशभर के नागरिकों की जासूसी की जा रही है। गहलोत ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह ऐप नागरिकों की निजता पर 'सीधा हमला' है और केंद्र सरकार एक नए स्तर का सर्विलांस सिस्टम खड़ा कर रही है। गहलोत ने लिखा कि इस ऐप के जरिए सरकार को यह जानकारी तक मिल सकती है कि कौन व्यक्ति किससे बात करता है और क्या बातचीत होती है। उन्होंने कहा कि 'यह सर्विलांस राज का नया चेहरा है, जिसमें हर नागरिक की गतिविधि सरकार की नजर में होगी। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद खतरनाक है।

**सुरक्षा का बहाना, असल में डराने और ब्लैकमेल करने की कोशिशः गहलोत**

पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार की ओर से दिए जा रहे सुरक्षा तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि देश में पहले से ही सर्विलांस के नियम और कानूनी प्रक्रियाएँ मौजूद हैं। ऐसे में इस ऐप का औचित्य संदिग्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रणाली



'नागरिकों को डराने, नियंत्रित करने और जरूरत पड़ने पर ब्लैकमेल करने का तरीका' बन सकती है। गहलोत ने जनता से अपील की कि वे इस निजता के उल्लंघन के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएँ।

**संचार साथी ऐप क्या है ?**

संचार साथी ऐप सरकार द्वारा जारी किया गया एक साइबर सुरक्षा टूल है, जो एंड्रॉयड और ढ्ढह्रस् दोनों पर उपलब्ध है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 तक यह ऐप 50 लाख से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है और इसके जरिए 22.76 लाख से अधिक डिवाइस खोजे जाने का दावा किया गया है। सरकार इसे लोगों को डिजिटल फ्रॉड से बचाने वाला उपकरण बताती है, हालांकि विपक्ष का आरोप है कि इसकी आड़ में निजी कॉल और डेटा की निगरानी संभव है।

## परिसीमन पर भाजपा का पलटवार : चतुर्वेदी बोले जल्द होंगी राजनीतिक नियुक्तियाँ, राठौड़ ने कहा पहली बार पारदर्शी सीमांकन

**भीलवाड़ा फोकस @ सीकर ।**

लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रसीदपुरा गांव में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस पर तीखे हमले बोले। कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया की अगुवाई में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत में चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार राजनीतिक नियुक्तियों पर जल्द फैसला लेगी। कुछ बोर्डों में नियुक्तियाँ हो चुकी हैं, बाकी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है, जहाँ निर्णय संवाद और संगठनात्मक प्रक्रिया से होते हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि वहाँ पूरी पार्टी एक परिवार के हिसाब से चलती है, जबकि बीते दो वर्षों में भाजपा सरकार आर्थिक प्रबंधन में राज्य को घाटे से बाहर निकालने में सफल





हुई है। उन्होंने बताया कि ईआरसीपी की डीपीआर मंजूर हो चुकी है और शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौते पर जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है।

परिसीमन के मुद्दे पर चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस शासन में सीमांकन मनमर्जी से और वोटों के ध्रुवीकरण को ध्यान में रखकर किया जाता था, जबकि इस बार उचित मापदंड अपनाए गए। हाईकोर्ट ने भी सरकार की प्रक्रिया को सही माना है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट 15 अप्रैल तक आने की संभावना है और उसके बाद चुनाव कराए जाएंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि इस बार राजस्थान में परिसीमन का काम पूरी तरह पारदर्शिता से किया गया है। इस प्रक्रिया में 3500 नई ग्राम पंचायतें और लगभग 90 नई पंचायत समितियाँ बनाई गई और किसी स्तर पर कोई गंभीर आपत्ति नहीं आई। उन्होंने कहा कि 52,000 गांवों में जहां भी कोई ज्ञापन या सुझाव मिला, उन्हें ध्यान में रखकर ही सीमांकन किया गया। राठौड़ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने कभी जनसंख्या अथवा संवैधानिक मापदंड नहीं देखे–उसका उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक ध्रुवीकरण था। जबकि मौजूदा सरकार ने पहली बार निष्पक्ष और न्यायपूर्ण परिसीमन किया, जिसे हाईकोर्ट ने भी मान्यता दी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में 61 भारतीय फंसे, बेनीवाल ने संसद में उठाया मुद्दा



**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से ठीक एक दिन पहले लोकसभा में बड़ा मुद्दा सामने आया । राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के संयोजक और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने शून्यकाल में आरोप लगाया कि राजस्थान समेत देश के विभिन्न राज्यों के 61 भारतीय युवकों को धोखे से रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया है। बेनीवाल के अनुसार ये युवक स्टडी और वर्क वीजा पर रूस गए थे, लेकिन वहां मौजूद एजेंटों ने उन्हें सामान्य नौकरी का झांसा देकर जबरन सैन्य गतिविधियों में लगा दिया, जिसके बाद वे महीनों से परिजनों के संपर्क में नहीं हैं। प्रभावित परिवारों में भारी चिंता है, और कई युवकों के फोन तीन से चार महीनों से बंद हैं।

बेनीवाल ने बताया कि युद्ध में फंसे इन 61 भारतीयों में राजस्थान के पांच युवा मनोज सिंह शेखावत, अजय कुमार, संदीप सूंडा, महावीर प्रसाद और करमचंद भी शामिल हैं। परिजनों ने अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए 3 नवंबर और 1 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना भी दिया था। सांसद ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को मामले की पूरी जानकारी दे दी है और परिवारों से मुलाकात कर तथ्य जुटाए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप कर रूस सरकार से वार्ता के जरिए सभी युवकों को युद्ध क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकालने की मांग की। साथ ही युवकों को धोखे से फ्रंटलाइन पर भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जरूरत बताई।

इस बीच, बीते महीनों में हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के कई युवकों के वीडियो सामने आए थे, जिनमें उन्होंने दावा किया कि उन्हें नौकरी के नाम पर बुलाकर युद्ध में झोंक दिया गया है। इसी के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने 11 सितंबर को एक आधिकारिक एडवाइजरी जारी की थी। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चेतावनी दी थी कि भारतीय नागरिक रूसी सेना में भर्ती के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहें, क्योंकि यह जान जोखिम में डालने जैसा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिल्ली और मॉस्को दोनों जगह रूसी अधिकारियों से इस मुद्दे पर चर्चा की है और सभी प्रभावित भारतीयों को वापस भेजने की मांग उठाई है। विदेश मंत्रालय प्रभावित परिवारों से लगातार संपर्क में है और मामले की निगरानी कर रहा है।

## भीलवाड़ा पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत 550 परिवारों की बैठक में बोले परिवार व्यवस्था ही समाज की रीढ़

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचंद पेशवानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत बुधवार को एकदिवसीय प्रवास पर भीलवाड़ा रहे। शहर में आगमन के साथ ही उनका कार्यक्रम सामाजिक, पारिवारिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर केंद्रित रहा। सबसे पहले उन्होंने हरणी महादेव रोड स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित शादी समारोह में भाग लेकर नवविवाहित दंपती को आशीर्वाद दिया। इस दौरान भीलवाड़ा संघ परिवार के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और शहर व प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनसे चर्चा की।

दोपहर बाद संघ प्रमुख ने कुटुंब परिवार बैठक में हिस्सा लिया, जिसमें भीलवाड़ा शहर के करीब 550 परिवारों ने सहभागिता की। बैठक में वर्तमान समय में बदलते पारिवारिक ढांचे, पारिवारिक बिखराव, एकीकरण और भारतीय समाज में परिवार प्रणाली की मजबूती जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। भागवत ने अपने उद्बोधन में बढ़ते सामाजिक तनाव, पीढ़ियों के बीच संवाद की कमी और आधुनिक जीवन शैली के कारण परिवार संस्थान पर पड़ रहे प्रभावों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मजबूत कुटुंब व्यवस्था ही राष्ट्र की स्थिरता और सामाजिक सामंजस्य का आधार है।

संघ प्रमुख की सुरक्षा को देखते हुए शहर में व्यापक पुलिस बंदोबस्त किए गए। रेलवे स्टेशन, कार्यक्रम स्थलों, शादी समारोह स्थल और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहा। उनके कार्यक्रमों में राजस्थान के क्षेत्रीय



प्रचारक निंबाराम, चित्तौड़ प्रांत के पदाधिकारी और संघ से जुड़े कई जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

CMYK

# भारतीय सिन्धू सभा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 27-28 दिसंबर को कानपुर में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय सिन्धू सभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 27 व 28 दिसंबर को कानपुर में आयोजित की जाएगी। राजस्थान से प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर मोरवाणी और संरक्षक मोहनलाल वाधवाणी के नेतृत्व में 17 प्रतिनिधि इस बैठक में भाग लेंगे। बैठक में देशभर में चल रहे कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा मातृशक्ति एवं युवा ईकाई की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। विभिन्न राज्यों से केंद्रीय पदाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि भीलवाड़ा प्रवास पर आए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ हरीसेवा उदासीन सनातन आश्रम पहुँचकर महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन से आशीर्वाद व



मार्गदर्शन प्राप्त किया। महामण्डलेश्वर ने संगठन के लिए सिन्धू चिन्ह का ध्वज भेंट करते हुए कहा कि इसे घर-घर और सभी सामाजिक-धार्मिक स्थलों पर फहराया जाना चाहिए।

उन्होंने सिन्धू सभा द्वारा युवा पीढ़ी और मातृशक्ति में सिन्धी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। साथ ही समाज के सभी वर्गों को जोड़कर कार्यक्रम आयोजित करने को प्रेरणादायक बताया।महामंडलेश्वर ने महापुरुषों के बलिदान दिवस, सामूहिक परिचय सम्मेलन, सामूहिक कन्यादान और वैवाहिक सम्मेलनों पर भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सिन्धू दर्शन तीर्थयात्रा में अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने का आह्वान किया।प्रदेश संरक्षक सुरेश कटारिया ने बताया कि राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद् द्वारा राज्यभर में सिन्धी भाषा के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी परीक्षाएँ जनवरी 2026 में होंगी। इन कोर्सो के माध्यम से विद्यार्थी और युवा कार्यकर्ता मातृभाषा के ज्ञान से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आगामी 21 जनवरी को वीर बलिदानी हेमू कालाणी के बलिदान दिवस पर सिन्धूपति महाराजा दाहरसेन स्मारक सहित सभी हेमू कालाणी चौराहों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।बैठक में प्रदेश संत सम्पर्क प्रमुख मोहन तुलस्याणी, प्रदेश मंत्री (युवा) मनीष गुवालाणी, संभाग प्रभारी प्रकाश फूलानी (उदयपुर), निरंजन शर्मा (अजमेर), वीरूमल पुरसानी, अध्यक्ष परमानंद गुरनानी, ओम गुलाबानी, लक्ष्मणदास लालवानी, परमानंद तनवानी, किशोर कृपलानी, पंकज आडवाणी, गोपाल नानकानी, नरेन्द्र रामचंदानी, धीरज पेसवानी, नवीन मनवानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नहर में गिरने से 4 वर्षीय मासूम की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



बुधवार दोपहर मान सिंह जी का खेड़ा गांव में एक दर्दनाक हादसे में चार वर्षीय सिद्धार्थ पुत्र दिनेश कुमावत की नहर में डूबने से मौत हो गई। मासूम खारी बांध की मुख्य नहर के पास खेल रहा था, तभी अचानक नहर की सीढ़ियों से फिसलकर तेज बहाव में गिर गया। कुछ ही क्षणों में पानी उसे बहाकर दूर ले गया।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन नहर का तेज बहाव देखते हुए कोई उसे बचाने के लिए उतर नहीं सका। घटना की जानकारी मिलते ही आसींद पुलिस, एसडीएम परमजीत सिंह, तहसीलदार जय सिंह, राजस्व दल और जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। नहर का पानी तत्काल बंद करवाया गया और लगभग दो घंटे की तलाश के बाद सिद्धार्थ का शव करीब एक किलोमीटर दूर मिला।

मासूम को आसींद सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे से पूरे गांव में गहरा शोक है। ग्रामीणों ने नहर किनारे सुरक्षा उपाय और रेलिंग लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## खेत में काम कर रहे किसान पर भालू का हमला, गंभीर घायल; क्षेत्र में दहशत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



बदनौर वन क्षेत्र में किसान पर भालू के अचानक हमले से हड़कंप मच गया। खेत में काम कर रहे 55 वर्षीय कमालुद्दीन पर भालू ने झाड़ियों से निकलकर सामने से हमला कर दिया, जिसमें किसान गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी एक आंख तक बाहर आ गई। सिर और चेहरे पर भी गहरे घाव आए हैं।

घटना बदनौर पंचायत की चरागाह भूमि के पास हुई। वनपाल भैरूलाल के अनुसार कमालुद्दीन नजदीकी पोल्ट्री फार्म से पानी लेकर लौट रहा था, तभी भालू ने उस पर हमला कर दिया। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल किसान को बदनौर अस्पताल ले गए, जहाँ से हालत गंभीर होने पर उसे भीलवाड़ा जिला अस्पताल और बाद में उदयपुर रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से भालुओं की बढ़ती आवाजाही से लोग दहशत में हैं। इससे पहले भी चार महीने पहले बदनौर वनपाल पर भालू हमला कर चुका है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।


# गोपालपुरा टोल प्लाजा का फास्टैग फर्जीवाड़ा : एक टोलकर्मी पर ठीकरा, लाखों के फर्जीवाड़े में लगी कमजोर धारा

**बीएनएस की कमजोर धारा पर कानूनी विशेषज्ञों का सवाल 66D और साइबर एक्ट जोड़ने की आवश्यकता थी**

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

त्रिवेणी-जहाजपुर स्टेट हाइवे पर बने गोपालपुरा टोल प्लाजा का एक ऐसा फर्जीवाड़ा सामने आया है जिसने भारी वाहन चालकों से लेकर कानून के जानकारों तक को हैरान कर दिया है। आरोप है कि हजारों भारी वाहनों के फास्टैग से लाखों रुपये टोल टैक्स काट लिया गया, जबकि ये वाहन टोल प्लाजा से गुजरे ही नहीं। टोल कंपनी ने इसे एक कर्मचारी की हरकत बताकर राशि लौटाने की बात तो कह दी, लेकिन स्थानीय और पुलिस जांच पर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

आरएसआरडीसी की जांच में 17 से 20 नवंबर के बीच पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के 1000 से ज्यादा वाहनों से प्रति वाहन 580 रुपये टोल टैक्स काटा गया था। लेकिन जब सीसीटीवी रिकॉर्डिंग देखी गई तो ऐसा कोई वाहन टोल प्लाजा पर आता-जाता नजर नहीं आया। इससे साफ हुआ कि ऑनलाइन फर्जी कटौती की गई है। टोल कंपनी के तीन नोटिस जारी होने के बाद संचालक ने तुरंत एक कर्मचारी खेमराज गुर्जर को जिम्मेदार बताते हुए



राशि वापस करने की अनुशंसा कर दी। 23 नवंबर को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, लेकिन रिपोर्ट में आरोपी का नाम, पता और मोबाइल नंबर तक छुपा दिया गया।

लिहाजा पुलिस दस दिन बाद भी जांच आगे नहीं बढ़ा पाई और आरोपी का सुराग तक नहीं मिल पाया।

**कानून विशेषज्ञों की कड़ी प्रतिक्रिया यह**

**लाखों का ऑनलाइन फ्रॉड, पुलिस ने साधारण धारा लगा दी :**

वरिष्ठ अधिवक्ता रितुराज सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को नजरअंदाज करते हुए बीएनएस की केवल 318/4 धारा में मामला दर्ज किया है, जिससे आरोपी आसानी से बच सकता है। सिंह ने कहा कि लाखों के ऑनलाइन फ्रॉड में बीएनएस की 66D और साइबर एक्ट की धाराएं लगनी चाहिए थीं, ताकि कानूनी स्तर पर मजबूत कार्रवाई हो सके। उन्होंने टोल कंपनी द्वारा आनन-फानन में एक ही कर्मचारी को बलि का बकरा बनाने पर भी सवाल उठाए।

**आरएसआरडीसी की पुष्टि , फर्जी लेन-देन हुआ, रिफंड की मंजूरी**

आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक मुकेश खोईवाल ने कहा कि टोल प्लाजा पर फर्जी लेन-देन की पुष्टि हो चुकी है। ठेकेदार ने मामले की सूचना दी है और भविष्य में ऐसी घटना न होने का आश्वासन भी दिया है। खोईवाल ने कहा कि संबंधित वाहनों को रिफंड जारी करने की अनुमति दे दी गई है और मुख्यालय के निर्देश पर टोल ठेकेदार के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नहर के पानी पर विवाद , बुजुर्ग किसान पर लाठी-डंडों से हमला, हाथ-पैर टूटे

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद :**



थाना क्षेत्र में नहर के पानी के बंटवारे को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि बुजुर्ग किसान पर जानलेवा हमला हो गया। 60 वर्षीय जग्गू गुर्जर पर लाठी-डंडों से किए गए हमले में उनका एक हाथ और एक पैर टूट गया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना ने पूरे इलाके में तनाव और आक्रोश फैला दिया है।

घटना भेरू खेड़ा की है, जहां जग्गू गुर्जर अपने बेटे कालू गुर्जर (23) के साथ नहर के ऊपर कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान उनका भाई हरचंद गुर्जर दो-तीन साथियों के साथ वहाँ पहुँच गया। नहर के पानी के बंटवारे पर बातचीत शुरू हुई, लेकिन चंद मिनटों में बहस मारपीट में बदल गई।

पुलिस ने बताया की हरचंद और उसके साथियों ने गुस्से में आकर बुजुर्ग किसान पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में जग्गू गुर्जर जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसकी चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुँचे और हमलावरों को मौके से हटाकर बुजुर्ग की जान बचाई।

घायल को तुरंत कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

# मंदिरों में चोरी करने वाली गैंग का एक सदस्य गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बेमाली गांव के दो मंदिरों में हुई चोरी के मामले में करेड़ा पुलिस ने चोरी करने वाली गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह के आधा दर्जन से अधिक सदस्य अभी फरार हैं। यह गैंग जिले के कई मंदिरों को निशाना बना चुकी है।

पुलिस ने बताया कि 12-13 अगस्त की रात चोरों ने संकट मोचक हनुमान मंदिर और छपरिया भैरूजी मंदिर के दानपात्र तोड़कर नकदी और चांदी के छत्र चोरी कर लिए थे। ग्रामीणों की रिपोर्ट में हनुमान मंदिर के दानपात्र से लगभग 5 लाख रुपये चोरी किए जाने की बात कही गई थी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद पुर थाना क्षेत्र की कंजर बस्ती, देवली निवासी दुर्गेश पुत्र स्व. देवीलाल कंजर को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह गंगापुर, आसींद, रायपुर और कुंवारिया थाना क्षेत्रों के कई मंदिरों में भी चोरी कर चुका है।पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है ।



## राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार अनियंत्रित होकर पलटी, RLP नेता के बेटे की जान बाल-बाल बची



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीलवाड़ा-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार के कारण एक कार के पलटने से बड़ा हादसा टल गया । भूणास चौराहे के पास एक होंडा सिटी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पलट गई। हादसे में कार चला रहा काव्या जाट, जो तिलोली निवासी एवं आरएलपी प्रत्याशी बद्रीलाल जाट का बेटा है, घायल हो गया। उसे तुरंत गंगापुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काव्या जाट भीलवाड़ा से गंगापुर की ओर जा रहा था । भूणास चौराहे के पास कार की रफ्तार अधिक होने से वाहन अचानक बेकाबू हो गया और सड़क से नीचे जाकर पलट गया। हादसा इतना तेज था कि कार के अगले हिस्से को भारी नुकसान हुआ, हालांकि काव्या जाट बाल-बाल बच गया और केवल हल्की चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही कारोई थाना पुलिस ने भी मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू की है ।



# पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर में एक निजी आयोजन में भाग लेने अल्प प्रवास पर पहुंचे पंजाब के महामहिम राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया का भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं महापौर राकेश पाठक के सानिध्य में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि पंजाब के महामहिम राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया का हरणी महादेव मार्ग पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। कटारिया उदयपुर एयरपोर्ट से सीधे भीलवाड़ा शहर के हरनी महादेव मार्ग होते हुए आयोजन स्थल पहुंचे थे, जहां से वे पुनः उदयपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।



इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विजय पोखरना, राजकुमार आंचलिया, पवन तापड़िया, प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, अभिश्रुता सोलंकी, अजय नौलखा, रागिनी गुप्ता, रमेश खोईवाल, ऋतुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, मुकेश चेचाणी, महेंद्र नायक, शंकर जाट, हरीश सालवी, दीपक गुरनानी, जगदीश गुर्जर, गजेंद्र सिंह, दीपक पाराशर, शिव चन्नाल, राजकुमार घावरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया का भाजपाइयों ने किया स्वागत

## पंचायतराज और निकाय चुनाव में भी भाजपा का परचम फहराना है - पूनिया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया का अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं विधायक उदयलाल भडाना, महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में स्वागत अभिनंदन किया गया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि एक निजी आयोजन में भाग लेने भीलवाड़ा पहुंचे वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया ने भाजपा कार्यालय पर स्वागत के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका भीलवाड़ा से गहरा नाता है, वे यहां के कार्यकर्ताओं से लेकर यहां के सड़क मार्गो, हर एक हिस्से को अच्छी तरह जानते पहचानते है। उन्होंने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से आने वाले निकाय और पंचायत राज चुनावों की तैयारियों में जुट जाने और भाजपा का परचम फहराने का आह्वान किया। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने पूनिया का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से उनका परिचय करवाया। संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अविनाश जीनगर सहित मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, अभिश्रुता सोलंकी, अजय नौलखा, रागिनी गुप्ता, मंजू पालीवाल, ऋतुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, मुकेश चेचाणी, वरिष्ठ नेता शातिलाल गुर्जर, राजकुमार आंचलिया, लादूलाल तेली, महेंद्र नायक, पार्षद शंकर जाट, मोहिनी माली, गजेंद्र सिंह, जगदीश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# विश्व दिव्यांग दिवस पर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जागरूकता गोष्ठी आयोजित

## शहर विधायक अशोक कोठारी बोले 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी वॉरियर्स समाज की प्रेरणा हैं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विश्व दिव्यांग दिवस पर साधना एमडी हेल्थ केयर फाउंडेशन के मस्कुलर डिस्ट्रॉफी फिजियोथेरेपी सेंटर, भीलवाड़ा में दुर्लभ रोग मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के लक्षण, देखभाल, फिजियोथेरेपी की आवश्यकता और परिवार की भूमिका पर विस्तृत जानकारी साझा की।

फाउंडेशन के श्याम सुंदर सोमानी ने उपस्थित शहर विधायक अशोक कोठारी, मानव अधिकार परिषद के जिला अध्यक्ष मनीष बंब सहित अतिथियों को फाउंडेशन की गतिविधियों से अवगत करवाते हुए बताया कि साधना एमडी हेल्थ केयर सेंटर की स्थापना 22 अगस्त 2022 को की गई। इसके संस्थापक श्याम सुंदर सोमानी, अनिल चोरड़िया द्वारा सीमा सोमानी व सुनील चोरड़िया की प्रेरणा से की गई। इस केंद्र में मरीजों को लाने व ले जाने के लिए वेन बना रखी है जो इस सेंटर पर निशुल्क चिकित्सा व निशुल्क परिवहन सुविधा दी जा रही है। भीलवाड़ा शहर में अभी इस रोग के 40 से ज्यादा पेशेंट है। भीलवाड़ा से बाहर के पेशेंट भी यहां रहकर इस सुविधा का लाभ ले सके इसके लिए स्थान को आवासीय बनाने पर भी प्रयास किया जा रहा है।

फाउंडेशन के सुनील चोरड़िया व सीमा सोमानी ने भी शहर विधायक अशोक कोठारी के समक्ष अपनी मांगे रखी जिसमें इस रोग से ग्रसित रोगियों को सरकारी सुविधाऐं उपलब्ध कराने, फिजियोथैरेपी हेतु 15000 रुपए मासिक मानदेय दिलाने की मांग रखी एवं भीलवाड़ा के सार्वजनिक स्थानो पर व्हीलचेयर जैसी सुविधाएं होनी चाहिए ताकि सभी रोगी व्हील चेयर के साथ जा सके। सरकार द्वारा दी जा रही बाल संबल राशि जो कि अभी 5 हज़ार रुपए स्वीकृत कर रखी है उसे बढ़ाकर 15 हजार करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि शहर विधायक अशोक कोठारी ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी वॉरियर्स के कॉर्डिनेटर एवं मोटिवेटर विनोद चौधरी, राम प्रकाश अग्रवाल, दिलीप विश्नोई, सिद्धार्थ दिनेश सोनी, अंकुर बांगड़, सम्यक राजेंद्र लोढ़ा, भारत लक्ष्यकार, कुलदीप देवी सिंह राणावत सहित सेंटर की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. नवेक्षा पारीक भी शामिल होंगी। जिले के सभी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी वॉरियर्स एवं उनके परिजन इस विचार गोष्ठी में भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के बारे में आमजन को सही जानकारी देना, रोगियों एवं परिवारों की समस्याओं को समझना और समाधान पर चर्चा, फिजियोथेरेपी, केयर, मोटिवेशन और सामाजिक सहयोग के महत्व को बढ़ावा देना,वॉरियर्स के उत्साहवर्धन और उनकी आवश्यकताओं को सामने लाना था।




# विशेष योग्यजन राज्य स्तरीय पुरस्कार में तान्या मीणा का जयपुर में हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

उपखण्ड क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा को इस वर्ष के विशेष योग्जन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। बुधवार को जयपुर स्थित भगवत सिंह मेहता सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विक्रमपुरा में तान्या मीणा को 10 हज़ार रुपये, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। तान्या के सम्मान से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।


बिजौलिया : जयपुर में सम्मानित तान्या

उप निदेशक नूतन कुमार शर्मा ने बताया कि यह पुरस्कार उन विशेष योग्यजनों को प्रदान किया गया है, जिन्होंने जीवन की बाधाओं को पार करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं और समाज में प्रेरणा का स्रोत बने हैं। तान्या मीणा की इस उपलब्धि पर बिजौलिया क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने तान्या को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि वह क्षेत्र की अन्य प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बनी है।

## QUICK BITES

### जालिया में पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

#### उद्घाटन मैच में महुआ की जीत, शुभम तिवारी मैन ऑफ द मैच

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



जालिया ग्राम पंचायत में बुधवार को पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़ हुआ। आयोजक सोनू पारीक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत समिति मांडलगढ़ के प्रधान जितेंद्र मुंदड़ा, धनराज जाट द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुरेंद्र सिंह एवं युवा नेता प्रदीप पारीक विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

उद्घाटन मुकाबला महुआ बनाम नाहरगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें महुआ टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। महुआ के शुभम तिवारी ने 52 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता, वहीं जगदीश माली ने उम्दा गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए।

### खेतों में छाई सुनहरी आभा, सरसों के खिले फूलों ने ओढ़ाई धरती को पीली चादर

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।



इन दिनों कस्बे और आसपास के गांवों के खेतों में सरसों के खिले फूलों ने ऐसा नजारा प्रस्तुत किया है मानो धरती ने पीली सुनहरी चादर ओढ़ ली हो। दूर-दूर तक फैलती सरसों की लहलहाती फसल किसानों और ग्रामीणों के मन में खुशी और उमंग भर रही है। खेतों में फैले पीले फूलों की चमक से पूरा क्षेत्र मानो पर्व-सा सजा हुआ प्रतीत हो रहा है।

गुरला, गाडरमाला, मोमी, सोपुरा, गाडरी खेड़ा, केलाशपुरी और कानपुरा क्षेत्र में सरसों की फसल अपने पूरे सौंदर्य पर है। खेतों में चारों ओर नजर घुमाने पर केवल पीली चमक ही दिखाई देती है, जिसे देखकर राहगीर और किसान दोनों ही आनंदित हो उठते हैं।

सरसों की फसल की मजबूती और फूलों की भरपूर मात्रा ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान भर दी है। सोपुरा निवासी रतन पुरी, भेरू पुरी गोस्वामी ने बताया कि हाल ही में हुई मावठ से सरसों की फसल को जबरदस्त लाभ मिला है। किसानों का मानना है कि इस बार सरसों की पैदावार बंपर रहने की पूरी संभावना है। जहाँ बारिश नहीं हुई, वहाँ किसान समय रहते फसल की पिलाई में जुटे हैं।

हालाँकि, किसानों की एक चिंता अब भी बनी हुई है , खेतों में निलगाय (रोजड़े) और अन्य आवारा मवेशियों का प्रवेश। कई किसान रातभर खेतों में जागकर रखवाली कर रहे हैं और मवेशियों को खदेड़कर फसल की सुरक्षा करने में लगे हैं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
• समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
• निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
• डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# महात्मा गांधी अस्पताल की व्यवस्थाएँ ठप, मरीज बेहाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी अस्पताल की व्यवस्थाएँ इन दिनों बुरी तरह चरमरा गई हैं, जिसके कारण उपचार के लिए आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से उमड़ने वाली भीड़ के बावजूद पंजीयन काउंटरों की संख्या कम होने के चलते मरीजों को पर्ची कटवाने के लिए ही घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। स्थिति यह है कि कई बार आउटडोर दोपहर तीन बजे बंद होने तक भी अनेक मरीजों की बारी नहीं आ पाती और उन्हें मजबूर होकर अगले दिन वापस लौटना पड़ता है। साधारण जांचों में भी अत्यधिक देरी हो रही है खून और मूत्र जैसी मूलभूत जांचों की रिपोर्ट अगले दिन मिलती है, जिससे मरीजों के दो-दो दिन अस्पताल के चक्कर लग जाते हैं। वहीं सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी महत्वपूर्ण जांचों के लिए एक-एक महीने बाद की तारीखें दी जा रही हैं, जिसके कारण गंभीर मरीज भी समय पर राहत से वंचित हो रहे हैं। इधर एमसीएच अस्पताल की स्थिति और अधिक चिंताजनक है। प्रसूता महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान पर्याप्त सुविधा और सहारा नहीं मिल पा रहा है। परिजनों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को अकेले कष्ट झेलना पड़ रहा है। महिला स्टाफ की कमी और प्रसूता वार्ड की खराब साफ-सफाई से हालात और बिगड़ जाते हैं। पीड़ा से कराहती महिलाओं को संभालने के पर्याप्त संसाधन तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे प्रसूता और परिजन दोनों ही असहाय महसूस करते हैं।

राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी के पूर्व सदस्य मोहम्मद हारून रंगरेज ने इन अव्यवस्थाओं पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा जैसे महत्वपूर्ण जिले के प्रमुख सरकारी अस्पताल में इस तरह की स्थितियाँ बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। रंगरेज ने पंजीयन काउंटर बढ़ाने, जांच रिपोर्ट का समय कम करने, गंभीर मरीजों को प्राथमिकता देने तथा एमसीएच में प्रसूता महिलाओं के लिए सुरक्षित और मानवीय वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सरकार और चिकित्सा विभाग से मांग की कि महात्मा गांधी अस्पताल और एमसीएच इकाई में तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएँ, ताकि आमजन को समय पर उपचार मिल सके और प्रसूताओं को राहत एवं सुरक्षा उपलब्ध हो सके।

# शहर जिला अध्यक्ष पर रवि पुरी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष पर मुरली पूरी, सर्व सहमति से हुए मनोनीत

**गोस्वामी युवा संगठन की बैठक सम्पन्न, कार्यकारिणी हुई गठित, भगवान दत्तात्रेय के जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम से मनायेगे**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



गोस्वामी युवा संगठन की बैठक मोती बावजी पहलवान महेश पुरी, महाराज चेतन पुरी जी, पूर्व युवा संगठन जिला अध्यक्ष भंवर पूरी के सानिध्य में युवा संगठन की मीटिंग का शुभारंभ हुआ। कमलेश भारती ने बताया कि जिसमें युवा संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें शहर जिला अध्यक्ष पद पर रवि पुरी, भीलवाड़ा ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर मुरली पूरी को सर्व सहमति से अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। जिसमें जितेंद्र गिरी, रौनक पूरी, पिंकेश पूरी, सोनू गोस्वामी, नारायण लाल, रोहित पूरी, राजेश पूरी, मोंटू पूरी, सुनील पूरी, विनोद गोस्वामी, दिनेश कुमार, पवन पूरी सहीत जिले से आए हुए समाज बंधुओ, समाज के युवा साथियों, संगठन के पदाधिकारी ने भाग लिया। साथ ही बुधवार को युवा संगठन व महिला मंडल के तत्वाधान में सायः काल में 501 दीपक जलाकर दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष राधिका गोस्वामी, उपाध्यक्ष मंजू पुरी गोस्वामी ने बताया की गुरुवार को भगवान दत्तात्रेय के जन्मोत्सव पर विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। गुरुदेव भगवान दत्तात्रेय को भोग लगाकर स्वरूचि भोज किया जाएगा। गोस्वामी समाज के द्वारा भगवान दत्तात्रेय के जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

# 63वे गृह रक्षा स्थापना दिवस पर 06 दिवसीय पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



समादेष्टा, गृह रक्षा, प्रशिक्षण केन्द्र पर 63वे गृह रक्षा स्थापना दिवस पर 06 दिवसीय पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कमाण्डेन्ट ललित बिहारी व्यास के नेतृत्व में किया गया। 1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक विभिन्न कार्यकम जैसे वाद-विवाद, सुलेख राईटिंग, वृक्षारोपण, रस्सा कस्सा, किकेट, गोला फंक, कैरम आदि प्रतियोगिता, एवं भाला भेंक 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कार्यालय के मुख्य आरक्षी शान्ति लाल, लेखाधिकारी गजेन्द्र कुमावत, वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र सिंह मीणा, आरक्षी सुभाष चौधरी, मंजीत एवं कमाण्डर त्रिलोक प्रजापत, मुख्य आरक्षी राजमल, शशिकान्त, बोधसिंह, फारूख, रमेशचन्द, राकेश, विशाल, हरलेश कुमार, एवं स्वयंसेवक छोटूलाल स्वयंसेविका लक्ष्मी, हीना आदि मौजूद रहे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित हुई बैठक, विधायक अशोक कोठारी बोले दिव्यांगजनों को मिले समान अधिकार और समान अवसर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





विश्व दिव्यांग दिवस पर विधायक कार्यालय में आयोजित बैठक में विधायक अशोक कोठारी ने दिव्यांगजनों के साहस और जज्बे को नमन करते हुए कहा कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि एक विशेष क्षमता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सम्मान और समान अवसर के हकदार हैं। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की सराहना भी की।

बैठक की शुरुआत में सेवानिवृत्त एसडीएम सुंदरलाल बंबोड़ा ने दिव्यांगजनो को आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। एडवोकेट अर्पित कोठारी ने राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विधायक कार्यालय में दिव्यांगजनों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। समाजसेवी लादू लाल हिरण ने विधायक कोठारी को जनसेवा के लिए समर्पित नेता बताया, वहीं सत्यनारायण गुग्गड़ ने सभी राजकीय कार्यालयों में दिव्यांग सहायता कक्ष खोलने और पंचायत-निगम चुनावों में दिव्यांग सीट आरक्षण की मांग उठाई।

बैठक में नगर विकास न्यास के पूर्व ट्रस्टी चेतन मानसिंहका, भाजपा नेता कन्हैया लाल स्वर्णकार, वरिष्ठ प्रचारक मनोज जी सहित कई वक्ताओं ने दिव्यांगजन कल्याण पर सुझाव दिए। दिव्यांग प्रकोष्ठ संयोजक पवन लोढ़ा व सहसंयोजक अभिषेक जैन ने विधायक मद से स्कूटी योजना के लिए 50 आवेदन भरे जाने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए और अंत में बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## QUICK BITES

### यादव समाज के मिलनसार अधिकारी डॉ राकेश को मिली पदोन्नति समाज में खुशी की लहर

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



राजस्थान अभियोजन सेवा नियम 1978 के नियम 9 के अन्तर्गत अभियोजन अधिकारी के वर्ष 2024-25 की रिक्तियों के लिए पदोन्नति देने हेतु गठित विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा पर सिविल न्यायालय आसींद में सहायक अभियोजन अधिकारी डॉ राकेश यादव को अभियोजन अधिकारी के पद में पदोन्नत कर नियुक्त किया। पदोन्नति होने पर यादव समाज सहित न्यायिक अधिकारी, कर्मचारियों, वकीलों व शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई ।

### सनातन मंगल महोत्सव के लिए मोहन भागवत को दिया निमंत्रण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सनातन मंगल महोत्सव के तहत होने वाले दीक्षा दान समारोह के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को निमंत्रण दिया गया।

19 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस पावन महोत्सव में हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने आमंत्रित किया। सनातन सेवा समिति के रवींद्र कुमार जाजू ने बताया कि इस भव्य दीक्षा दान समारोह में तीन ब्रह्मचारी संत दीक्षा ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान, सत्संग व आध्यात्मिक आयोजन भी संपन्न होंगे। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के साथ संत गोविंद राम भी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय अमृता हाट मेला 5 से

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय अमृता हाट मेला 2025 का आयोजन ग्रामीण हाट परिसर, में 05 दिसम्बर से 09 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे भीलवाड़ा वासियो को हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

राजस्थान के समस्त जिले व संभाग के लगभग 80 स्वयं सहायता समूह द्वारा अपने उत्पादो का विपणन किया जायेगा। जिसमें महिला अधिकारिता विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, एनयुएलएम व राजीविका के स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। मेले मे 2 हजार रूपये से अधिक खरीद पर लक्की ड्रा द्वारा आकर्षक पुरस्कार दिये जायेगे।

मेले में जयपुरी सांगानेरी चद्दरे, कुर्तियां, लाख की चुडियां, कोटाडोरिया साडियां, सूट, चुन्नी, सिक्के की ज्वैलरी, प्रतापगढ़ की प्रसिद्ध हिंग, पापड़, मसाले, उदयपुर के हेण्डी क्राफ्ट आइटम, अजमेरी जूतियां, पर्स, टेराकोटा आईटम, जूट के बैग, राजस्थानी ढाबा, सेल्फी पॉइंट व बच्चों के लिए फन जोन आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सायं काल 8 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मेले का समापन 09 दिसम्बर को किया जायेगा।

### भीमगंज स्कूल में 65 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




लायंस क्लब द्वारा समाज सेवा अभियान के तहत जिले की लगभग 40 सरकारी स्कूलों में 2200 स्वेटर एवं जरूरतमंद लोगों के लिए 2100 कंबल वितरित किए जाएंगे। लगभग 8 लाख रुपये की इस योजना का शुभारंभ बुधवार को महात्मा गांधी भीमगंज स्कूल से हुआ, जहां 65 विद्यार्थियों को स्वेटर दिए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी हिस्सा लेने का आह्वान किया। अध्यक्षता लायन एडवोकेट पवन पंवार ने की।

क्लब अध्यक्ष ने बताया कि यह सेवा कार्य लायंस क्लब के भामाशाहों के सहयोग से संभव हुआ है। वहीं अस्पताल प्रभारी लायन जे.के. बागडोडिया ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा लगाए जा रहे मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंपों में ऑपरेशन करवाने वाले जरूरतमंदों को कंबल भी प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम में कई लायन पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्रिंसिपल जितेंद्र सिंह राव ने आभार जताया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।